*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में 'अन्वेषण–2025' की तैयारियों की समीक्षा

पंतनगर। 13 सितम्बर 2025। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में भारतीय विश्वविद्यालय संगठन (एआईयू) के तत्वाधान में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाले 'अन्वेषण 2025' की तैयारी के संदर्भ में समीक्षा की गयी। अन्वेषण–2025 का आयोजन त्रीस्तरीय यथा विश्वविद्यालय स्तर, क्षेत्र स्तर तथा राष्ट्र स्तर पर आयोजित किया जायेगा। विश्वविद्यालय स्तरीय सम्मेलन में देश के कुल 262 विश्वविद्यालयों के भागीदारी की संभावना है। डा. आर.एस. जादौन, अधिष्ठाता, कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय ने बताया कि विश्वविद्यालय स्तरीय सम्मेलन अक्टूबर 28 से 31, 2025 तथा उत्तरी क्षेत्र सम्मेलन नवम्बर 25–26, 2025 के मध्य आयोजित किया जायेगा। उनके द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर इन आयोजनों से संबंधित विभिन्न अंशो एवं की गयी तैयारियों पर प्रस्तुतिकरण किया गया। विश्वविद्यालय स्तरीय सम्मेलन के संदर्भ में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के संयोजको द्वारा भी अब तक की गयी तैयारी के बारे में विवरण दिया गया।

कुलपति द्वारा कार्यक्रम की महत्ता को देखते हुए सभी अधिष्ठातागणों को अन्वेषण–2025 में विद्यार्थियों की वृह्द स्तर पर भागीदारी हेतु प्रोत्साहित करने के लिए सुझाव दिया गया। इस कार्यक्रम में भाग लेने से विद्यार्थियों में शोध के प्रति अभिरूचि बढ़ेगी और वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं विज्ञान की विभिन्न विधाओं में विशिष्टता रखने वाले शोधकर्ताओं से भी संवाद करने का अवसर प्राप्त होगा।

